सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

अंक : 572 वर्ष 43

राँची, 30 सितम्बर, 2021

# अपनी बात









# अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक का संदेश



आज हम सब कोविड–19 महामारी की चपेट से बाहर आने की कोशिश में हैं। उससे बचने के लिए सभी जरूरी उपायों को अपना रहे हैं। सोशल डिस्टेंसिंग, मास्क का यथोचित उपयोग के साथ–साथ 100% टीकाकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव कोशिश हम कर रहे हैं। अभूतपूर्व और विपरीत परिस्थितियों में भी आशा और विश्वास के साथ निरंतर आगे बढ़ते रहना है भले ही आज कठिनाई है, कल बेहतर होगा और यदि हम उम्मीद न छोड़ें तो भविष्य अवश्य ही बेहतरीन होगा। हमने कोविड–19 प्रोटोकोल का पालन करते हुए 75वें स्वतंत्रता दिवस को 'आजादी का अमृत उत्सव' के रूप में बड़े हर्षोल्लास के साथ मना रहे हैं। इस अवसर पर उन वीर शहीदों को नमन किया और देश की प्रगति व खुशहाली की कामना की।

देश की ऊर्जा आकांक्षाओं की पूर्ति हेतु सीसीएल कृतसंकल्पित है। सीसीएल परिवार निरंतर कर्त्तव्य पथ पर आगे बढ़ते हुए अपने उत्पादन–उत्पादकता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सतत् प्रयासरत है। हमारे परिवार का प्रत्येक सदस्य कर्तव्यनिष्ठा एवं दृढ़संकल्प के साथ अपने कार्य को निष्पादित कर रहा है। हमारा निरंतर प्रयास है कि आदरणीय प्रधानमंत्री महोदय के आत्मनिर्भर भारत अभियान में सीसीएल का महत्वपूर्ण योगदान रहे। हम सिर्फ उत्पादन या उत्पादकता का ही ध्यान नहीं रखते बल्कि अपने सामाजिक कर्तव्यों के प्रति पूरी सजगता के साथ अपनी जिम्मेवारियों का निर्वहन कर रहे हैं। चाहे वह खान सुरक्षा से संबंधित विषय हो या फिर लोगों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक उत्थान से हमारा सार्थक प्रयास निरन्तर जारी है और रहेगा। मैं केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार को उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ।

विगत कई वर्षों से प्रकाशित सीसीएल की पत्रिका 'अपनी बात' एक नये रूप और अंदाज में आपके समक्ष प्रस्तुत है। जिसका उद्देश्य कंपनी की महत्वपूर्ण गतिविधियों, उपलब्धियों एवं सामाजिक सरोकार आदि के कार्यों से आपको अवगत कराना है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस पत्रिका के माध्यम से आप सभी लाभान्वित होंगे। मैं 'अपनी बात' की टीम के इस अच्छे प्रयास की सराहना करता हूँ।

आपके स्वस्थ और खुशहाल जीवन की मंगल कामनाओं के साथ पुनः धन्यवाद!

(पी. एम. प्रसाद)

# निदेशक (कार्मिक) का संदेश



हम समस्त देशवासी 75वें स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ को 'आजादी का अमृत उत्सव' के रूप में मना रहे हैं। आज कोरोना रूपी महामारी हमारे सामने भयावह रूप लिए खड़ा है जिसने विश्व के समस्त मानव जाति के समक्ष एक अभूतपूर्व कठिन परिस्थिति प्रस्तुत कर दी है। इस महामारी को हराने के लिए यह आवश्यक है कि पूरा देश एक साथ खड़ा होकर सरकार के सारे निर्देशों का अक्षरशः पालन करे। मास्क पहनना, हाथों को निरंतर साबुन से धोना या सैनिटाइज करना, सोशल डिस्टेंसिंग का अनुसरण करना हमारे और हमारे परिवार की सुरक्षा के लिए नितांत आवश्यक है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे इन प्रयासों से बहुत जल्द ही कोरोना वायरस से भी हमें आजादी मिलेगी।

एक सार्वजनिक उपक्रम के रूप में अपने स्टेकहोल्डर्स एवं समाज के प्रति हमारी कुछ जिम्मेदारियाँ हैं और एक जिम्मेदार उद्यम के रूप में हम हमेशा उनके निर्वहन करने के प्रयास में लगे रहते हैं। लॉकडाउन के दौरान भारतीय रेलवे द्वारा प्रवासी श्रमिकों के लिए चलाई गई "श्रमिक स्पेशल ट्रेन" से अपने परिवार के साथ वापस घर लौट रहे हज़ारो श्रमिक बंधुओं को सीसीएल टीम के द्वारा राँची, हटिया और बरकाकाना रेलवे स्टेशन पर लगभग 14000 से ज्यादा फूड पैकेट्स और पानी बोतलें उपलब्ध कराई गयी। सीसीएल की मेडिकल टीम ने समय की पराकाष्ठा पर खरे उतरते हुए गांधीनगर और रामगढ़ केंद्रीय अस्पताल में 1750 से भी अधिक कोरोना संक्रमित मरीजों का सफलतापूर्वक इलाज कर चुकी है।

इन सभी उपलब्धियाँ और सामाजिक कार्य में सीसीएल परिवार के हर एक सदस्य, विभाग और सचिवालय का सहयोग रहा है, जिसके बगैर हर एक प्रयास, पहल और कार्य अकल्पनीय है। यह उदाहरण है हमारी टीम वर्क, समन्वय और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण का जिसके लिए मैं सीएमडी सीसीएल, अपने सहयोगी निदेशकगण, मुख्य सतर्कता अधिकारी, श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों, अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। सीसीएल परिवार द्वारा इस आपदा के दौरान अपने स्टेकहोल्डर्स के स्वास्थ्य सुरक्षा एवं सामाजिक कल्याण के लिए विभिन्न योजनाओं को क्रियान्वित किया गया। कर्मियों और सीसीएल प्रबंधन के बीच विश्वास की कड़ी को और मजबूत करने का भी हमेशा हमारा प्रयास रहा है। टीम सीसीएल ने लॉकडाउन के दौरान अपनी जिम्मेदारियों को पूरी निष्ठा, कर्मठता और समर्पण भाव से निभाते हुए अपने कमांड क्षेत्रों में निरंतर गरीबों, दिहाड़ी मज़दूरो एवं जरुरतमंदो के बीच खाद्य सामग्री की आपूर्ति किया गया। बरका सयाल, अरगडा, उत्तरी कर्णपुरा, राजहरा, पिपरवार, रजरप्पा, कुजू, हजारीबाग, बोकारो एवं करगली, ढोरी, कथारा, मगध–संघमित्रा, आम्रपाली–चंद्रगुप्त, गिरिडीह आदि क्षेत्रों में लगभग 490 क्विंटल खाद्य सामग्री जैसे चावल, दाल, नमक, आटा, सरसों का तेल, सोया बरी, चूड़ा, मसाले, आलू, प्याज इत्यादि उपलब्ध कराया गया। सामुदायिक रसोई के माध्यम से लगभग 9,000 लोगों को भोजन उपलब्ध कराया गया। साथ ही कंपनी के द्वारा लगभग 24,000 परिवारों के बीच खाने का पैकेट भी वितरित किया गया। सीसीएल कमांड क्षेत्र के 37 ग्राम पंचायतों के सार्वजनिक स्थानों, चबूतरों, हैंड पंप के आसपास के स्थान आदि को सैनिटाइज़ किया गया है। कंपनी के द्वारा सीएसआर के अंतर्गत सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त ग्रामीण महिलाओं से लॉकडाउन के दौरान लगभग 4000 हस्त निर्मित मास्क क्रय कर जरुरतमंदो के बीच वितरित किया गया। मुझे उम्मीद है कि नये रूप में प्रकाशित सीसीएल की आंतरिक मासिक पत्रिका "अपनी बात" हमारे कर्मियों के लिए ज्ञानवर्धक साबित होगी।

(पीवीकेआर मल्लिकार्जुन राव)

## पहली महिला उत्खनन अभियंता (एक्सकवेशन इंजीनियर) बनी शिवानी

# सीसीएल के रजरप्पा परियोजना में योगदान देकर इतिहास रचा

सीसीएल की चूरी भूमिगत खदान में कुछ दिन पूर्व सुश्री आकांक्षा कुमारी ने जब एक माइनिंग इंजीनियर के रूप में योगदान दिया था तो सीसीएल सहित पूरे कोल इंडिया एवं कोयला उद्योग के लिए वह एक ऐतिहासिक दिन था। इस घटना से देश के कोयला खनन उद्योग के इतिहास में एक नया अध्याय खुला जब एक महिला कर्मी ने एक चुनौतीपूर्ण भूमिका में पहली बार अपनी उपस्थिति दर्ज की। यह घटना निश्चय ही दीर्घकालीन समयकाल में एक नयी दिशा देने वाली थी। परन्तु इस कहानी का दूसरा अध्याय जल्द ही खुल गया जब राजस्थान की रहने वाली सुश्री शिवानी मीणा ने सीसीएल के रजरप्पा क्षेत्र की मेकेनाइज्ड खूली खदान, रजरप्पा परियोजना में अपना योगदान दिया। यह अविस्मरणीय व अभूतपूर्व है क्योंकि सुश्री शिवानी एक्सकवेशन (उत्खनन) कैडर की पहली महिला इंजीनियर हैं जो खूली खदान में कार्य करेंगी। उन्हें भारी मशीनों (एचईएमएम) के रख–रखाव एवं मरम्मत की जिम्मेदारी दी गयी है। ज्ञातव्य हो कि रजरप्पा क्षेत्र सीसीएल की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है। रजरप्पा क्षेत्र को स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य के लिए कोयला मंत्रालय द्वारा पुरूस्कृत किया गया है।

आईआईटी जोधपुर से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग कर चुकी, सुश्री शिवानी ने कोयला जगत में अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर उदहारण प्रस्तुत किया है। भूमिगत खदान के उपरांत अब खुली खदान में महिला इंजीनियर ने योगदान देकर कोयला खनन में महिला सशक्तिकरण को संबल दिया है। भारत सरकार द्वारा खनन क्षेत्र में प्रदान किये गए अवसर का समुचित लाभ लेते हुए इन महिलाओं ने न सिर्फ उम्मीदों का एक नया द्वार खोला है बल्कि अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनी है । सीसीएल ही नहीं कोल इण्डिया लिमिटेड के इतिहास में यह एक गौरव का पल है।

सीसीएल एक जिम्मेदार सार्वजनिक उपक्रम के रूप में लैंगिक समानता (हमदकमत मुनंसपजल) को मूर्त रूप देने वाली



मेकेनाइज्ड खूली खदान, रजरप्पा परियोजना में अपना योगदान देती सुश्री शिवानी मीणा अन्य कर्मियों के साथ

एक आदर्श संस्थान है। हमारी महिला सहकर्मियों ने कम्पनी में विभिन्न भूमिकाओं को बखूबी निभा रही हैं । वह अब सीसीएल की कोयला खदानो में भी पुरूषों से कंधे से कंधा मिलाकर कोयला उत्पादन कर देश की ऊर्जा आवश्यकता की पूर्ति हेतु सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

राजस्थान की रहने वाली शिवानी ने शुरू से ही एक मेधावी छात्रा रही है और इंजीनियरिंग के प्रति उनकी रूचि और झुकाव शुरू से ही रही है। इनकी सफलता के पीछे उनके माता–पिता का कुशल मार्गदर्शन और प्रोत्साहन रहा है।

माननीय कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी, के साथ–साथ सीएमडी, सीसीएल श्री पी एम प्रसाद, सभी निदेशकगण एवं सीसीएल वृहद परिवार शिवानी को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं बधाई दिया। माननीया महिला एवं बाल कल्याण मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी ने भी शिवानी के इस उपलब्धि की सराहना की है।

# सीसीएल के लाल लाडली का जेईई मेन्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन

## बैच के 26 में से 22 बच्चों का जेईई मेन्स में सफल

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सी.सी.एल.) की महत्वाकांक्षी योजना 'सीसीएल के लाल' एवं सीसीएल की लाडली' के बच्चों ने जेईई मेन्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुये 26 में से 22 बच्चों ने जेईई मेन्स में सफलता प्राप्त कर एक बार फिर परचम लहराया है। पहली बार सीसीएल की लाडली तेजस्वी कुमारी ने 97.8 परसेंटाईल प्राप्त कर बैच में प्रथम स्थान पर रही। 08 बच्चों ने 90 से अधिक परसेंटाईल स्कोर किया।



तेजस्वी कुमारी

सीसीएल के लाडली की सफल छात्राओं की सूची : तेजस्वी कुमारी, रिद्धी कुमारी, खुशबू कुमारी, सपना रानी, अदिति सिंह, मुस्कान गुप्ता, आकृति आदर्श, सपना कुमारी, तोषी मेहता एवं अंशी रानी।

सीसीएल के लाल के सफल छात्रों की सूची : आशु कुमार, करन राज, अनुज कुमार, रौशन सिंह, अनुज कुमार, आदित्य सिंह, एस.ए. सिद्दिकी, कुमार आयुष, रौशन कुमार, रोहन कुमार, मो. शाहिल एवं अमन कुमार गुप्ता।

विदित हो कि कोरोना की वैश्विक लहर के बीच भी सीसीएल के लाल एवं लाडली के बच्चों ने ऑनलाईन माध्यम से अपनी पढ़ाई जारी रखा। उनके शिक्षकों ने इस चुनौतिूपर्ण समय में भी पूरे समपर्ण भाव से उनका निरंतर मार्गदर्शन करते रहे।

सीएमडी सीसीएल श्री पी एम प्रसाद, निदेशकगण एवं विभागाध्यक्ष (सीएसआर) श्री एस.एस. लाल ने बच्चों को बधाई तथा जेईई एडवांस के लिए शुभकामनाएं दिया। उन्होंने लाल लाडली के प्रशिक्षकों सहित सीएसआर की पूरी टीम को भी बधाईयां दी।

# सीसीएल 'इस्टब्लिस्मेंट ऑफ द ईयर – 2021' अवार्ड से सम्मानित



श्री एस. के. सिंह, महाप्रबंधक (एचआरडी) सीसीएल की ओर से अवार्ड प्राप्त करते हुए

दिनांक 04 सितम्बर को कोलकाता में बोर्ड ऑफ प्रैटिक्ल ट्रेनिंग (पूर्वी क्षेत्र), शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित ''रिजनल अप्रेनटीसशीप डे 2021''कार्यक्रम में सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड को राष्ट्रीय अप्रेनटीसशीप प्रशिक्षण स्कीम (एनएटीएस) के अंतर्गत कौशल विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय एवं सराहनीय योगदान के लिए 'इस्टब्लिस्मेंट ऑफ द ईयर – 2021 (Establishment of the Year – 2021)' अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह अवार्ड सीसीएल की ओर से महाप्रबंधक (एचआरडी) श्री एस.के. सिंह ने मुख्य अतिथि से प्राप्त किया।

निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री पी. वी. के. आर. मल्लिकार्जुना राव ने एचआरडी टीम को शुभकामनाएं देते हुये कहा कि सीसीएल प्रबंधन सदैव ही जरूरतमंद युवाओं के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम करता आ रहा है। सीसीएल की प्राथमिकता समाज एवं परियोजना प्रभावित परिवारों का सर्वांगीण विकास है।

ज्ञातव्य हो कि समारोह नेशनल अप्रेनटीसशीप ट्रेनिंग स्कीम (एनएटीएस) के तहत स्कीम के स्टेकहोल्डर्स यानि प्रतिष्ठानों, संस्थाओं एवं विद्यार्थियों को 'कौशल विकास मिशन' में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए विभिन्न पुरस्कारों से सम्मानित किया जाता है।

ज्ञातव्य हो कि सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद के मार्गदर्शन में कोविड महामारी के दौरान भी सीसीएल के एचआरडी विभाग ने कोविड प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुये अपने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं हितधारकों को वर्ष भर विशिष्ट ज्ञान और कौशल संवर्धन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सतत जारी रखा है। वित्तीय वर्ष 2020–21 में अपने प्रशिक्षण कैलेंडर में सूचीबद्ध प्रशिक्षण कार्यक्रमों को वेबिनार और ऑनलाईन (डिजिटल मोड) के रूप में परिवर्तित किया है। सीसीएल प्रबंधन द्वारा कौशल विकास की दिशा में अनुकरणीय पहल करते हुये राष्ट्रीय अपरेंटिस प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) के अंतर्गत कोल इंडिया की पहली और झारखंड के दूसरा 'बेसिक ट्रेनिंग प्रोवाइडर (बीटीपी)' केंद्र की स्थापना विगत 19 अगस्त, 2021 को किया गया। इस केन्द्र में युवाओं को विभिन्न ट्रेड में नियमित पाठ्यक्रम के साथ–साथ ऑन जॉब प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

# निदेशक (कार्मिक) का गांधीनगर अस्पताल का दौरा

कोरोना वैश्विक महामारी के तीसरे लहर की आशंका को देखते हुये केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, रांची का निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जुना राव ने दौरा किया।

निदेशक (कार्मिक), श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जुना राव बच्चों से संबंधित वार्ड का भी निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। बच्चों के वार्ड के निरीक्षण के साथ–साथ उन्होंने केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर के प्रसूती वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, आईसीयू आदि जगहों पर जाकर संबंधित चिकित्सकों, नर्स, पारा मेडिकल स्टॉफ एवं अन्य कर्मियों से मिले और उन्होंने भरोसा दिलाया कि मरीजों के हित में मेडिकल सुविधाओं को और बेहतर किया जायेगा। इस दौरान श्री राव ने संबंधित अधिकारियों को अस्पताल परिसर को और साफ एवं स्वच्छ रखने का निर्देश दिया।

निदेशक (कार्मिक), श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जुना राव चिकित्सकों से संवाद करते हुये कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में सीसीएल द्वारा अपने कर्मियों एवं स्टेकहोल्डर्स के बेहतर ईलाज के लिए विभिन्न पहल किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मरीजों को ईलाज के उपरांत उनको यह एहसास होना चाहिए कि सीसीएल प्रबंधन एवं चिकित्सकों ने हमें बेहतर ईलाज किया है।

इस अवसर पर निदेशक (कार्मिक), श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जुना राव ने कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुये मरीजों के बीच फल का वितरण किया।


मरीजों के बीच फल वितरण करते हुए निदेशक (का.), श्री पी.वी.के.आर. मल्लिकार्जुना राव

सीसीएल मुख्यालय से महाप्रबंधक (कार्मिक एवं औद्योगिक संबंध) श्री उमेश सिंह, निदेशक (कार्मिक) के तकनीकी सचिव श्री गुजंन कुमार सिन्हा सहित सीसीएल सीएमएस डॉ. डी.के.एल. चौहान, सीएमएस, गांधीनगर, डॉ रत्नेश जैन, डॉ सुमन सिंह, डॉ मयुरी भट्टाचार्यजी, डॉ सुशील कुमार, डॉ उत्पला चक्रवर्ती, डॉ आर.के. सिंह, डॉ बासुदेव रजक सहित चिकित्सकगण एवं पारामेडिकल स्टाफ उपस्थित थे।

# कोविड–19 से बचाव हेतु सीसीएल द्वारा चेशायर होम में किया गया टीकाकरण

दिनांक 09 सितम्बर को बरियातू, रांची स्थित 'चेशायर होम' में राज्य सरकार एवं सीसीएल के सहयोग से कोविड टीकाकरण किया गया। चेशायर होम में रह रहे वरिष्ठ नागरिक एवं संस्था के कर्मचारियों सहित कुल 84 लोगों, जिनमें 17 को प्रथम डोज तथा 67 लोगों को दूसरा डोज का कोविड टीकाकरण किया गया।

चेशायर होम में रह रहे सभी लोगो ने सीसीएल प्रबंधन का आभार व्यक्त करते हुये प्रबंधन का सहृदय सराहना किया।

टीकाकरण कार्यक्रम में सीसीएल के चिकित्सक डॉ. अंजना झा, सीएमएस (सीएसआर), डॉ. आर.के. सिंह, नोडल अधिकारी, डॉ. संजय कुमार, राज्य सरकार की ओर से दीप नारायण, सुचित्रा कुजूर एवं अन्य का सक्रिय योगदान रहा।

ज्ञातव्य हो कि सीसीएल प्रबंधन द्वारा चेशायर होम में समय–समय पर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता रहता है साथ ही अन्य सहायता भी उपलब्ध करायी जाती है।




बरियातू, रांची स्थित 'चेशायर होम' में राज्य सरकार एवं सीसीएल के सहयोग से कोविड टीकाकरण का एक दृश्य

# 'कोयला प्रेषण दिवस' मनाया गया



सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने शनिवार (25–09–2021) को 'कोयला प्रेषण दिवस' मनाया। कोयला प्रेषण में वृद्धि सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कंपनी हर शनिवार को ऐसा करेगी। सीएमडी, सीसीएल श्री पीएम प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचा.) श्री वी के श्रीवास्तव और निदेशक तकनीकी (यो. एवं परि.) श्री भोला सिंह के साथ कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाने के लिए कंपनी के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। कोयला प्रेषण में वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए वे कर्मचारियों आवश्यक दिशानिर्देश दे रहे हैं ताकि लक्ष्य एवं उद्देश्य की प्राप्ति हो सके। इसके लिए सीसीएल मुख्यालय से हर संभव मदद मिलने का भी आश्वासन उन्होंने दिया। खनन और प्रेषण गतिविधियों से जुड़े अन्य अधिकारियों के साथ परिचालन क्षेत्रों के महाप्रबंधकों को अधिकतम उत्पादकता सुनिश्चित करने के लिए खानों में अपना अधिकतम समय बिताने का निर्देश दिया गया है।

# कोल इंडिया ने बिजली क्षेत्र को कोयले की आपूर्ति बढ़ाई

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने देश की बिजली उपयोगिताओं को आपूर्ति बढ़ाने, कोयले के स्टॉक को कम करने और उन्हें पर्याप्त स्तर तक बनाने के लिए युद्ध स्तर पर काम किया है। झारखण्ड स्थित कोल इण्डिया लि. की अनुषंगी कंपनी सीसीएल भी कोयले के उत्पादन, उठाव एवं प्रेषण को बढाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। सीएमडी श्री पी. एम. प्रसाद के साथ–साथ सभी निदेशकगण भी इसको साकार करने की दिशा में प्रत्येक दिन लगातार सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं।

पिछले तीन दिनों से कंपनी ने बिजली संयंत्रों के लिए अपने उठाव को बढ़ाकर 1.4 मिलियन टन (एमटी) प्रतिदिन कर दिया है। निदेशक (विपणन) सीआईएल ने कहा कि "सीआईएल ने इसे एक मिशन मोड पर लिया है। कोयले की उपलब्धता और उसके बाद की आपूर्ति में तेजी लाई जाएगी। अक्टूबर से कोयले से चलने वाले संयंत्रों को डिस्पैच का लक्ष्य 1.5 एमटी प्रति दिन है जो जल्द ही 1.6 एमटी से अधिक हो जाएगा।" इससे जल्द ही स्थिति के सामान्य होने की उम्मीद की जा सकती है।

अगस्त के दूसरे सप्ताह में बिजली उत्पादन में अचानक आई तेजी ने कोयले की मांग बढ़ी है। नतीजतन, कोयले की मांग आपूर्ति से आगे निकल गई, जिससे बिजली स्टेशनों पर स्टॉक में कमी आई।

मानसून की चुनौतियों और बकाया देय राशि का भुगतान न करने के बावजूद, सीआईएल ने अप्रैल–सितंबर 2021 (28 सितंबर तक) के दौरान बिजली कंपनियों को 243 एमटी कोयले की आपूर्ति की, जो किसी भी वर्ष के लिए इस समय सीमा में अब तक का उच्चतम रिकॉर्ड है।

पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में बिजली उपयोगिताओं को आपूर्ति की गई लगभग 196 एमटी की तुलना में, कंपनी ने मात्रा के संदर्भ में 47 एमटी की वृद्धि के साथ 24% की मजबूत वृद्धि दर्ज की। वर्तमान में कोयले की मांग में तेजी कई कारणों से आयी है। मुख्य रूप से, आयातित कोयले की कीमत और इसकी शिपिंग दरों में वृद्धि के कारण आयातित कोयला आधारित संयंत्रों ने कम क्षमता पर काम किया जिससे उनका उत्पादन कम हो गया।

# 'राजभाषा माह' का आयोजन




''राजभाषा माह'' के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राजभाषा की प्रतिज्ञा दिलाते अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक श्री पी. एम. प्रसाद

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में 01 से 30 सितंबर तक ''राजभाषा माह'' मनाया गया। कोविड–19 प्रोटोकॉल का अनुपालन करते हुए सितम्बर माह के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं, वेब संगोष्ठी आदि का आयोजन किया जा रहा है।

मुख्यालय में राजभाषा माह का प्रारम्भ 01 सितंबर को ई–5 एवं उच्च श्रेणी के अधिकारियों की निबंध प्रतियोगिता के साथ हुआ। 04 सितम्बर को 'हिन्दी निबंध प्रतियोगिता' का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता का शीर्षक 'भूमंडलीय उष्मीकरण : आगे की राह'' एवं 'मातृभाषा में ली गई शिक्षा हमें जड़ो से जोड़े रखती है'' था। इस प्रतियोगिता में कर्मचारियों एवं ई–4 तक के अधिकारियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। राजभाषा माह के अंतर्गत 07 सितम्बर को कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए हिन्दी टिप्पण–आलेखन प्रतियोगिता, 10 सितम्बर को प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए), 14 सितम्बर को राजभाषा प्रतिज्ञा एवं वेब संगोष्ठी का आयोजन, 16 सितम्बर को हिन्दी टाईपिंग प्रतियोगिता, 21 सितम्बर को राजभाषा कार्यशाला का आयोजन का आयोजन किया गया। दिनांक 14 सितम्बर को 'लाइव वेबिनार' का भी आयोजन किया गया जिसका विषय 'हिन्दी का भारतीय परिदृश्य : उत्तर से दिक्षण तक' था। । सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने उपस्थित सभी को ''राजभाषा की प्रतिज्ञा' दिलवाई और हिन्दी के प्रयोग, प्रचार और प्रसार हेतु सभी का मागदर्शन किया। अवसर विशेष पर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ.नामदेव, प्रोफेसर, हिन्दी विभाग, किरोड़ीमल कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय एवं डॉ. ए एस सुमेश, अध्यक्ष, हिन्दी विभाग, एमईएस कॉलेज, इडुक्की, केरल थे।



ढोरी, कथारा तथा बरका सयाल क्षेत्र को क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से सम्मानित करते श्री पी.एम. प्रसाद, सीएमडी, श्री वी. के. श्रीवास्तव, निदेशक (तक./संचा.), श्री एस. के. सिन्हा, सीवीओ, सीसीएल एवं मुख्य अतिथि संत जेवियर कॉलेज, राँची के हिन्दी विभागाध्यक्ष, श्री कमल कुमार बोस

30 सितम्बर को सीसीएल मुख्यालय के 'कन्वेंशन सेंटर' में श्री पी.एम.प्रसाद, अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, सीसीएल की अध्यक्षता में 'राजभाषा माह–सह–पुरस्कार वितरण समारोह– 2021' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री कमल कुमार बोस, विभागाध्यक्ष, हिन्दी विभाग संत जेवियर कॉलेज, रांची सहित श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक (तकनीकी/संचालन), मुख्य सतर्कता पदाधिकारी श्री एस.के. सिन्हा सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी, कर्मचारी, यूनियन के प्रतिनिधिगण व अन्य सोशल डिस्टेंसिंग का अनुपालन करते हुए उपस्थित थे।

कार्यक्रम के अध्यक्ष अप्रनि श्री पी.एम. प्रसाद ने विजयी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी अधिक से अधिक प्रतियोगिता में भाग लें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को राजभाषा माह के दौरान हिन्दी से संबंधित स्टॉल लगाने के लिए कहा। मुख्य अतिथि श्री कमल कुमार बोस ने सभी विजयी प्रतिभागियों को बधाई देते हुये कहा कि जिस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए आज हम सभी एकत्रित हुए है वह अवश्य प्राप्त होगा। राजभाषा माह के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। पिछले एक वर्ष के दौरान कंपनी में राजभाषा के सर्व श्रेष्ठ कार्यान्वयन हेतु तीन क्षेत्रों एवं विभागों को कारपोरेट स्तरीय पुरस्कार प्रदान किया गया। मुख्यालय स्थित विभिन्न विभागों के मध्य कारपोरेट स्तरीय प्रथम पुरस्कार प्रशासन विभाग, द्वितीय जनसम्पर्क विभाग तथा तृतीय पुरस्कार वाशरी विभाग को प्राप्त हुआ। क्षेत्रों के मध्य प्रथम पुरस्कार ढोरी क्षेत्र को, द्वितीय कथारा क्षेत्र को तथा तृतीय पुरस्कार बरका सयाल क्षेत्र को प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त हिन्दी निबंध प्रतियोगिता, टिप्पण–आलेखन, प्रश्नोत्तरी तथा टंकण प्रतियोगिता में कुल 30 विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किया गया। लगभग 100 कार्मिकों को प्रोत्साहन पुरुस्कार से दिया गया।

श्री वी.के. श्रीवास्तव, निदेशक तकनीकी (संचालन) ने सभी विजयी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकमानएं दीं तथा अपनी कविता के माध्यम से उपस्थित सभी कार्मिकों को प्रेरित किया।

> **जिस देश को अपनी भाषा और साहित्य के गौरव का अनुभव नहीं है, वह उन्नत नहीं हो सकता।**
>
> **– डॉ. राजेन्द्र प्रसाद**

# खिलाड़ियों के लिए तीन छात्रावासों का निर्माण होगा

कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने देश में खेल के बुनियादी ढांचे को और बेहतर करने के उद्देश्य से 07 सितम्बर को नई दिल्ली में खेल विभाग, युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया। एमओयू पर सीआईएल की ओर से श्री विनय रंजन, निदेशक (का. एवं औ. सं.) तथा युवा मामले और खेल मंत्रालय की ओर से श्री विजय कुमार, निदेशक (खेल) एवं सदस्य सचिव ने हस्ताक्षर किए। श्री अनुराग सिंह ठाकुर, माननीय युवा मामले और खेल मंत्री एवं श्री निसिथ प्रमाणिक, माननीय युवा मामले और खेल राज्य मंत्री, भारत सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में यह एमओयू किया गया।

इस अवसर पर डॉ. अनिल कुमार जैन, सचिव (कोयला), श्री रवि मित्तल, सचिव (खेल), श्री प्रमोद अग्रवाल, अध्यक्ष, सीआईएल, श्री अतुल सिंह, संयुक्त सचिव (खेल–विकास) एवं अन्य उपस्थित थे।

समझौता ज्ञापन के अंतर्गत सीआईएल अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय खेल विकास कोष (एनएसडीएफ) की ओर से 75 करोड़ रुपये का योगदान दिया जायेगा। 350 खिलाड़ियों की संयुक्त क्षमता के साथ इन छात्रावासों का निर्माण लक्ष्मीबाई नेशनल इंस्टीच्यूट ऑफ फिजिकल एजुकेशन (एलएनआईपीई), ग्वालियर एवं भारतीय खेल प्राधिकरण (एसएआई) के भोपाल और बेंगलुरु के सेन्टर में किया जाएगा। इन सेन्टरों में राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों द्वारा प्रतिभावान खिलाड़ियों को खेल सुविधाओं के साथ प्रशिक्षण दिया जायेगा।




एमओयू हस्ताक्षर समारोह में उपस्थित श्री अनुराग सिंह ठाकुर, माननीय मंत्री एवं श्री निसिथ प्रमाणिक, माननीय खेल राज्य मंत्री, श्री प्रमोद अग्रवाल, अध्यक्ष, सीआईएल, श्री विनय रंजन, निदेशक (का. एवं औ. सं.), सीआईएल तथा श्री विजय कुमार, निदेशक (खेल) एवं अन्य गणमान्य

# सीसीएल में सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई

सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मियों श्री रामानन्द झा, सब इंजीनियर, श्री मंगरा मुण्डा, वरीय रिगमैन, भू–गर्भ विभाग तथा केन्द्रीय अस्पताल गांधीनगर से श्रीमती बी. कुजूर, मेट्रन 'ए–1' को सीसीएल परिवार की ओर से सीसीएल मुख्यालय में 'सम्मान समारोह'' का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। पूरे सीसीएल से सितम्बर माह में 91 सेवानिवृत कर्मियों को सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई।

निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी. के. श्रीवास्तव एवं निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह ने सेवानिवृत कर्मियों को जीवन की दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएं देते हुये कहा कि आप जहाँ भी रहे स्वस्थ्य एवं प्रसन्न रहे। इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मियों के परिवारजन सोशल डिस्टेंशिंग का पालन करते हुये उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक (कल्याण) डॉ. ए.के. सिंह ने किया।




सेवा निवृत्त कर्मियों के साथ श्री वी. के. श्रीवास्तव, निदेशक तकनीकी (संचा.) एवं श्री भोला सिंह, निदेशक तकनीकी (यो./परि.)



# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limited** @... · 16 Sep

In a first, a girl tops in #JEEMain from #CCLKeLalLaadli, a #CclCsrInitiative.

Altogether 22 students out of 26 qualify JEE Main to appear in #JEEAdvanced, Tejashwi Kumari became topper with 97.8 %tile.

Congratulations and best wishes to the students, faculties and #CSR team.



Pralhad Joshi and 8 others

66 92 206

Central Coalfields Limited retweeted

**Pralhad Joshi** @JoshiPralhad · 10 Sep

#NariShakti all the way! Congratulations @CCLRanchi. Hoping that this will open avenues for more female professionals to join the mining sector.
@smritiirani

> **Central Coalfields Limited** ..: 10 Sep
>
> #WomenPower on a roll.
>
> After CIL's first female mining engineer in UG mines, #TeamCCL now gets 1st #woman excavation #engineer, Ms Shiva...



5 65 226

Central Coalfields Limited retweeted

**Indian Institute of Technology J...** · 11 Sep

#IITJodhpur congratulates our alumnus Ms. #ShivaniMeena for becoming the FIRST woman #ExcavationEngineer to work in an open cast mine at Coal India arm, Central Coalfields Ltd.
@CCLRanchi @CoalIndiaHQ @EduMinOfIndia @dpradhanbjp @PMOIndia @paniitindia #WomenInSTEM #WomenPower

> **Central Coalfields Limited** ..: 10 Sep
>
> #WomenPower on a roll.
>
> After CIL's first female mining engineer in UG mines, #TeamCCL now gets 1st #woman excavation #engineer, Ms Shiva...



7 47 168

Central Coalfields Limited retweeted

**Piyush Goyal** @PiyushGoyal · 11 Sep

Another Glass Ceiling Shattered in Coal Industry: Shivani Meena from Rajasthan becomes the first woman evacuation engineer at Central Coalfields Limited's open cast mine.

Shining example of woman empowerment!



> Glass ceiling shatters again in coal industry, Shivani Meena becomes 1st wo...
> economictimes.indiatimes.com

38 294 2,225

सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), अंकुर गौतम, सहायक प्रबंधक (कार्मिक)
सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)